# JALAUN POLICE

**दिनांक – 16.06.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना चुर्खी पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 13.06.2025 को वादी श्री बालकराम पुत्र भूरे लाल निवासी ग्राम बाबई थाना चुर्खी जनपद जालौन द्वारा तहरीर दी गयी कि वादी के पुत्र अनुप दोहरे को आरोपीगण ने दिनांक 12.06.2025 को मारपीट कर ईंट मारकर मरणासन्न अवस्था में कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है। तहरीर के आधार पर थाना चुर्खी पर मु0अ0सं0 59/2025 धारा 3(5)/105/352/351(3) बीएनएस बनाम रवि दोहरे आदि 06 नफर नि0गण ग्राम बाबई थाना चुर्खी जनपद जालौन पंजीकृत कराया था।

दिनांक 16.06.2025 को थाना चुर्खी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम बाबई के बाहर जालौन रोड से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. रवि दोहरे पुत्र रामप्यारे 2. पप्पी उर्फ कमल सिंह पुत्र रामप्यारे नि0गण ग्राम बाबई थाना चुर्खी जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में मुख्य आरोपी रवि ने बताया कि दिनांक 12.06.2025 को हम लोग बैठकर शराब पी रहे थे। मृतक अनुप शराब के नशे में हम लोगों से गाली-गलौज कर रहा था, इसी वाद-विवाद में हम लोगों नें पास में पड़ी ईंट फेंककर अनुप दोहरे को मार दी थी, ईंट लगने से अनुप दोहरे घायल हो गया था, मौका पाकर हम लोग वहां से भाग गये थे।

**नाम पता अभियुक्त:-**

1. रवि दोहरे पुत्र रामप्यारे उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बाबई थाना चुर्खी जनपद जालौन
2. पप्पी उर्फ कमल सिंह पुत्र रामप्यारे उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम बाबई थाना चुर्खी जनपद जालौन

**पुलिस टीम का विवरण:-**

1. थाना प्रभारी चुर्खी मय पुलिस टीम